<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–23.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी लोकसभा सीट से आज करेंगे नामांकन दाखिल, इंडी गठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा खूंटी से और जोबा मांझी सिंहभूम सीट से भरेंगी पर्चा।
- झारखंड की पूर्णिमा महतो और चामी मुर्मू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उल्लेखनीय योगदान के लिए किया पद्मश्री से सम्मानित।
- जेपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम किया जारी, सात हजार ग्यारह अभ्यर्थी हुए सफल, मुख्य परीक्षा जून में।
- जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर ईडी की विशेष अदालत में आज होगी सुनवाई।
- बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव, रांची सहित राज्यभर के कई जिलों का तापमान पांच दशमलव छह डिग्री तक गिरा।

<u>****************</u>

एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगे। इनके नामांकन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। राजनाथ सिंह के आज दिन के बारह बजे रांची पहुंचने की संभावना है। आज ही खूंटी से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा भी पर्चा भरेंगे। इधर, सिंहभूम सीट से इंडी गठबंधन की उम्मीदवार जोबा मांझी भी आज नामांकन दाखिल करेंगी। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राज्य के चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में तेरह मई को चुनाव होना है। इन सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पच्चीस अप्रैल को नामांकन की आखिरी तिथि है। अबतक अलग–अलग सीटों से दस प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

<u>****************</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तीरंदाजी में उल्लेखनीय योगदान लिए जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो और समाज सेवी चामी मुर्मु को पद्श्री से सम्मानित किया। कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्णिमा महतो को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पहले वर्ष दो हजार बारह में पूर्णिमा महतो को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिल चुका है।

<u>****************</u>

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन के छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी छत्तीसगढ में विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में तीन रैलियों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी का आज जांजगिर–चंपा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सक्ति और महासमुद निर्वाचन क्षेत्र के धमतरी में रैलियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री कल सुरगुजा लोकसभा क्षेत्र के अम्बिकापुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

<u>****************</u>

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि लोक सभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं। उन्होनें पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में विकसित करें। मतदान के दिन मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए भी उन्हें अपने मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करने का निर्देश अधिकारियें को दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिले धनबाद, बोकारो, राँची एवं पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संबंधित जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्ययोजनाओ की कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा भी की।

<u>****************</u>

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण से पहले लू की स्थिति पर नज़र रखने के लिए कार्यबल गठित किया है। इसमें आयोग, मौसम विभाग, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं। यह कार्यबल लू के प्रकोप से निपटने के उपायों की समीक्षा करेगा। निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों पर शामियाना, पेयजल, पंखे और अन्य ऐसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ अलग से भी समीक्षा बैठक करेगा।

****************

भीषण गर्मी और लू के कारण जामताड़ा जिला एवं आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी ने ग्यारहवीं, बारहवीं तथा तेरहवीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट कल देर रात जारी कर दिया। इसमें सात हजार ग्यारह अभ्यर्थी सफल हुए हैं। अब ये सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। मुख्य परीक्षा की तिथि जून महीने में संभावित है। आयोग की ओर से तीन सौ बयालिस पदों के लिए सत्रह मार्च को प्रारंभिक परीक्षा ली गई थी। इसमें कुल तीन लाख बीस हजार छह सौ इकसठ अभ्यर्थी शामिल हुए थे। मुख्य परीक्षा के लिए नियमानुसार रिक्त पदो के मुकाबले पंद्रह गुणा अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

****************

जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी की विशेष अदालत में आज सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि तेइस अप्रैल को निर्धारित की थी। जैसा कि आपको मालूम है कि बड़गाई अंचल के आठ दशमलव आठ छह एकड़ जमीन मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

****************

लालपुर थाना क्षेत्र में कल रात एक बेकाबू कार ने मोरहाबादी ऑक्सीजन पार्क के समीप तीन लोगों को धक्का मार दिया। इसमें जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह की मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लालपुर थाना की पुलिस ने कार के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, कार को भी जब्त कर लिया गया है।

****************

उत्तर पूर्व असम और बांग्लादेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन तथा बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण रांची सहित कई जिलों के तापमान में गिरावट आई है। बादल छाने और बूंदाबांदी होने से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार रांची के तापमान में कल पांच दशमलव छह डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी कई जिलों में बादल छाये रहेंगे और बूंदाबांदी होने की संभावना है। जमशेदपुर, सरायकेला, बहरागोड़ा, गोड्डा और पाकुड़ को छोड़कर अन्य शहरों का तापमान चालीस डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार कल से फिर तापमान बढ़ने की संभावना है।

****************

आईपीएल क्रिकेट में, राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हरा दिया है। जीत के लिए 1 सौ 80 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 18 ओवर 4 गेंद में 1 विकेट खोकर 1 सौ 83 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स के लिए यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 104 रन और संजू सैमसन ने नाबाद 38 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 1 सौ उनासी रन बनाए। मुंबई इंडियंस के लिए तिलक वर्मा ने 45 गेंदों में सर्वाधिक 65 रन बनाए, जबकि राजस्थान रॉयल्स के लिए संदीप शर्मा ने 5 विकेट लिए।

****************

अखबारों की सुर्खियों से–

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राज्य की चार सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– सिंहभूम से गीता कोड़ा ने किया नामांकन, चमरा ने खरीदा पर्चा, अबतक दस ने भरे पर्चे।

दैनिक भास्कर लिखता है–जमीन घोटाला मामले में मास्टर माइंड अफसर अली की रिमांड अवधि कोर्ट ने पांच और बढ़ाई।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–जेपीएससी ने पैतीस दिन में पीटी का रिजल्ट किया जारी, सात हजार ग्यारह सफल।

दैनिक जागरण ने लिखा है– मोरहाबादी में कार ने पांच को रौंदा, प्रशाखा पदाधिकारी की मौत।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है–जमशेदपुर के पूर्व जज आरपी रवि पर फायरिंग करने के आरोप से अखिलेश सिंह बरी।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है–गर्मी और लू प्रभाव नहीं, लेकिन तैयारी में चुनाव आयोग।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने राजस्थान में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री के एक भाषण पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की कार्रवाई की मांग इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********************